## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–19.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज झारखंड दौरा, घाटशिला में जमशेदपुर से एनडीए उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के पक्ष में करेंगे चुनावी सभा ।
2. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राज्य की सभी चार संसदीय क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने डाले वोट, चुनाव आयोग ने पांचवे चरण के लिए मतदाताओं से की भागीदारी की अपील।
3. पांचवें चरण के चुनाव के लिए मतदानकर्मियों की रवानगी का सिलसिला जारी, झारखंड की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा, चतरा के साथ गांडेय उपचुनाव के लिए वोटिंग कल
4. आज से तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश के आसार, मौसम विभाग ने तेज हवा और वज्रपात की दी चेतावनी

*********************

बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड के दौरे पर आएंगे.। प्रधानमंत्री जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला में ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए जन सभा को संबोधित करेंगे । प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को जमशेदपुर, रांची,गिरिडीह और धनबाद सीट के लिए वोटिंग होगी

*********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राज्य में सभी चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने वोट डाले हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कल रांची में प्रेस वार्ता में बताया कि इस चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। इसके तहत एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान केंद्र के भीतर जाकर मतदान की सुविधा दी जा रही है । उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के लिए जाते वक्त अपने साथ मतदाता सूची का सीरियल नंबर नोट कर जरूर लेकर जाएं। इससे मतदाता सूची से मतदाता का सीरियल नंबर का मिलान करने में बेवजह समय बर्बाद नहीं होगा। वोटर हेल्पलाइन ऐप से भी अपना सीरियल नंबर नोट कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पांचवें चरण के मतदान के लिए मतदानकर्मियों की रवानगी जारी है। यह प्रक्रिया आज पूरी हो जाएगी। पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में कल मतदान होगा। लातेहार और चतरा के लिए हेलीड्रॉपिंग के माध्यम से 148 मतदानकर्मियों और सेक्टर ऑफिसर को मतदान केंद्र तक भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अवैध सामग्री और नकदी के रूप में अब तक 1 अरब, 19 करोड़, 50 लाख की जब्ती की गयी है।

*********************

लोकसभा चुनाव के पांचवें और झारखंड में दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थम गया है। कल राज्य की तीन लोकसभा सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय उपचुनाव के लिए मतदान होगा । सोमवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक इन सीटों पर वोटिंग होगी। तीन सीटों के 54 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है इनमें सबसे अधिक 22 प्रत्याशी चतरा संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं, हजारीबाग में 17 और कोडरमा में 15 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। उधर, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। राज्य निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और स्वच्छ तरीके से लोकसभा चुनाव को निपटाने के लिए सारी तैयारियां कर ली है। हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। आज मतदान कर्मी पोलिंग बूथ के लिए रवाना किए जाएंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 4 हजार 116 वोटर हैं और कुल बूथ 2 हजार 254 हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपने माताधिकार के प्रयोग करने की अपील की है। इधर कोडरमा संसदीय सीट और गांडेय विधान सभा उपचुनाव के लिए गिरिडीह जिला प्रशासन ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि आज सुबह से कोडरमा संसदीय क्षेत्र और गांडेय विधान सभा उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टी को बूथो के लिए रवाना कर दिया जाएगा। मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र पर कई सुविधाएं प्रदान की गई है। दिव्यांगो के लिए 1600 ट्राई साइकिल की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने कहा है कि बिहार और झारखंड से लगी जमुई और नवादा की

अंतरराज्यीस सीमा सील कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 72 उग्रवाद प्रभावित और दूरस्थ बूथों पर मतदान कर्मी वोटिंग के दिन सुबह में पहुंचेंगे।

*********************

चतरा जिले के 32 नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों पर मतदान कराने वाले कर्मियों के दल को कल इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचाने का कार्य कर लिया गया है। मतदान कर्मियों को आज उनके संबंधित बूथों पर ले जाने का कार्य किया जायेगा। मतदान कराने के बाद मतदान कर्मी वापस लौट आयेंगे। चतरा जिले के 8 लाख 720 मतदाता कल 894 बूथों पर मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्तिथ मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे केंद्रों की संख्या 32 है जिनमें से चतरा विधानसभा में 8 और सिमरिया में 24 मतदान केंद्र हैं। जिले के शेष मतदान केंद्रों पर चुनाव कराने के लिए आज कर्मियों को रवाना किया जायेगा। इधर हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा कि आज ईवीएम और निर्वाचन समान का वितरण विनोबा भावे विश्वविद्यालय और संत कोलम्बा महाविद्यालय से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वहीं प्रत्येक मतदान केंद्र की वेब कास्टिंग की जाएगी। जिसकी निगरानी जिला मुख्यालय नियंत्रण कंट्रोल रूम से होगी।

*********************

गिरिडीह जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी नमन प्रेयस लकड़ा ने जिले वासियों से कल कोडरमा संसदीय क्षेत्र और गांडेय विधान सभा उपचुनाव के लिए मतदान की अपील की हैं। समाहरणालय से चार जागरूकता वाहन को कल गांडेय , जमुआ , धनवार और बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया गया जो लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करेगा। उपायुक्त ने 25 मई को गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के लिए भी मतदान करने की अपील की हैं।

*********************

गोड्डा जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जेएसएलपीएस सखी मंडल के द्वारा सभी प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए विशेष मतदाता शिक्षा से सबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इसमें लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करते हुए एक जून को अनिवार्य रूप से वोट करने की अपील की गई । इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों जैसे जागरूकता अभियान, शपथ ग्रहण, रैली और रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।

*********************

खूंटी जिले में जंगल पहाड़ों से घिरे कभी नक्सलियों का गढ़ रहा अड़की प्रखंड का बिरबांकी इलाका अब अमन चैन की सांस लेने लगा है। यहां लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दैनिक उपयोगी सामग्रियों के साथ– साथ विभिन्न तरह के वनोत्पाद से लोग खुद को आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हैं।

*********************

झारखंड हाइकोर्ट में वार्षिक गर्मी की छुट्टी 20 मई से लेकर सात जून तक रहेगी। इस दौरान हाइकोर्ट में अर्जेंट मामलों की सुनवाई के लिए वेकेशन बेंच बैठेगी।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने आंधी के साथ वज्रवात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि कहीं–कहीं हीट वेव का भी असर देखने को मिलेगा।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज झारखंड दौरा और लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के चुनाव का थमा प्रचार, वोटिंग कल, इस खबर को रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

दैनिक हिन्दुस्तान ने लिखा है– ंचुनाव के आखिरी दिन दलों ने झोंकी ताकत, 20 मई को होगा तीन सीटों के लिए मतदान।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – पीएम मोदी आज घाटशिला में करेंगे चुनावी जनसभा।

सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण रुका, रेलवे की मंजूरी का इंतजार, शीर्षक के साथ इस खबर को प्रभात खबर ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से जगह दी है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– स्वति मालीवाल मामले में विभव कुमार गिरफ्तार

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गूंजी महिला पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज, दैनिक जागरण ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में आरोपी विभव की गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********************